# पुष्कर एवं जैसलमेर सोलर सिटी के रूप में होंगे विकसित

## चर्चा में क्यों?

18 अगस्त, 2021 को ऊर्जा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला ने कहा कि **पुष्कर एवं जैसलमेर** शहर को **सोलर सिटी** के रूप में विकसित कर दोनों शहरों की विद्युत संबंधी समस्त आवश्यकताओं की पूर्ति **अक्षय ऊर्जा** के माध्यम से की जाएगी।

## प्रमुख बिंदु

- ऊर्जा मंत्री ने सचिवालय में **अक्षय ऊर्जा परियोजना** की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी।
- उन्होंने कहा कि शहरों में रूफटॉप सोलर सिस्टम, सोलर पार्क, अपशिष्ट पदार्थों से विद्युत उत्पादन, सोलर स्ट्रीट लाइट्स की स्थापना, इलेक्ट्रिक वाहनों आदि का संचालन कर परंपरागत तरीकों से प्राप्त विद्युत की निर्भरता को समाप्त करने का प्रयास किया जाएगा।
- **राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम (आरआरईसी)** के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि भारत सरकार के **नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय** की **सोलर सिटी योजना** के क्रियान्वयन हेतु, आरआरईसी केंद्र सरकार की नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करेगी, जो संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर इस योजना को मूर्तरूप प्रदान करेगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pushkar-and-jaisalmer-will-be-developed-as-solar-city